भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *107
उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026
5 श्रावण, 1948 शक (शक)

2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली

***107. डॉ. गणपथी राजकुमार पी. :**
श्री तमिलसेल्वन थंगा:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को अपना आशय पत्र प्रस्तुत कर दिया है और क्या भारत वर्तमान में आईओसी के साथ सतत बातचीत के चरण में है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी के संबंध में कब तक निर्णय लिए जाने की संभावना है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने 2028 ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले ओलंपिक एथलीटों को नकद प्रोत्साहन/ पुरस्कार राशि के संवितरण के संबंध में कोई निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्ष 2028 के ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले भारत के एथलीटों की खेल विधा वार कुल संख्या कितनी है; और

(ङ) आगामी 2028 ओलंपिक के लिए भारत द्वारा शुरू किए गए एथलीटों के चयन और प्रशिक्षण आदि जैसे किसी प्रारंभिक कार्य का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली के संबंध में डॉ. गणपथी राजकुमार पी. और श्री तमिलसेल्वन थंगा, माननीय संसद सदस्यों द्वारा दिनांक 27.07.2026 के लिए पूछे गए तारांकित प्रश्न सं. *107 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) और (ख) : भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारत में वर्ष 2036 में ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए 1 अक्टूबर, 2024 को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को आशय-पत्र प्रस्तुत किया था। वर्तमान में भारत आईओसी द्वारा निर्धारित सतत बातचीत के चरण में है, जिसके अंतर्गत आईओसी द्वारा व्यवहार्यता का आकलन किया जाता है। मेजबान देश का चुनाव आईओसी के सत्र द्वारा वर्ष 2029 के मध्य में किए जाने की संभावना है।

(ग) आईओसी एक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय निकाय है तथा वर्ष 2028 के ओलंपिक खेलों के आयोजन से संबंधित निर्णय उसके अधिकार-क्षेत्र में आते हैं। वर्ष 2028 के ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को नकद प्रोत्साहन अथवा पुरस्कार राशि प्रदान किए जाने के संबंध में आईओसी द्वारा लिए गए किसी निर्णय की जानकारी इस मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं है।

(घ) ओलंपिक खेल, 2028 सहित ओलंपिक खेलों में एथलीटों की प्रतिभागिता संबंधित अंतरराष्ट्रीय परिसंघों द्वारा निर्धारित अर्हता मानदंडों के अनुरूप शासित होती है। वर्ष 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले भारतीय खिलाड़ियों की संख्या, इन अर्हता मानदंडों के माध्यम से अर्हता प्राप्त करने वाले भारतीय खिलाड़ियों की संख्या पर निर्भर करेगी। अत: वर्तमान में लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेल, 2028 के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले भारतीय खिलाड़ियों की संख्या के संबंध में कोई निश्चित आकलन नहीं किया जा सकता।

(ङ) सरकार ने लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेल 2028 हेतु एथलीटों की तैयारी के लिए संस्थागत तंत्रों की स्थापना की है जिसमें टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के अंतर्गत मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) शामिल है। टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के माध्यम से चयनित एथलीटों को प्रशिक्षण, अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर, प्रतियोगिताओं, कोचिंग, खेल विज्ञान सहायता, उपकरण और अन्य कस्टमाइज्ड आवश्यकताओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

****